Reference to the 82nd Anniversary of the Quit India Movement under the leadership of Mahatma Gandhi

माननीय सदस्यगण, आज सम्पूर्ण देश ?भारत छोड़ो आंदोलन? की 82 वीं वर्षगांठ मना रहा है। दिनांक 9 अगस्त, 1942 को आज के ही दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत को आजाद कराने के लिए पूरे देश को एकजुट होने का आह्वान किया था और देशवासियों को ?करो या मरो? का मंत्र दिया था ।

?भारत छोड़ो आंदोलन? हमारे स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास के सबसे निर्णायक क्षणों में से एक था । इस आंदोलन में देश का प्रत्येक व्यक्ति, युवा, महिलाएं तथा हर वर्ग के लोगों ने एकजुट होकर भागीदारी की और अन्याय तथा अत्याचार की शक्तियों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध की शक्ति को रेखांकित किया ।

इस अवसर पर हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और हमारे स्वतंत्रता संग्राम के सभी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं । जिन आदर्शों और मूल्यों के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया । हम उन आदर्शों के प्रति स्वयं को पुन: समर्पित करने का संकल्प लेते हैं ।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी ।

11. 04 hrs

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष : ॐ शांति:, ॐ शांति:, ॐ शांति: ।

11.05 hrs